डग्गामार बसों की छत पर बैठी सवारी हो सकती है बड़े हादसे का शिकार

बुलंदशहर में बोलबाला जुम्मेदार अधिकारी बनें मूकदर्शक

▶▶ कार्यवाही के नाम पर चुप क्यूं आखिर यह बस किस के आशीर्वाद से धड़ल्ले से संचालित की जा रही है

▶▶ क्यों नही है विभागीय अधिकारियों का इनको डर

तेजयुग न्यूज

बुलंदशहर/(विकास त्यागी) : जनपद में डग्गामार बसों का बोलबाला यह डग्गामार बस दिल्ली गाजियाबाद से लेकर अतरौली बदायूं नरौरा पनहेरा जिरौली डिबाई सहित अन्य गांव से डेली बनकर चलती हैं जोकि लाखों रुपये महीने की सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। यदि बात की जाए एआरटीओ व संबंधित थाना पुलिस की तो सब कार्यवाही के नाम पर मूकदर्शक बनें हुए है आखिर क्यों इन बसों के खिलाफ कार्यवाही नही होती है।जहाँ से बसों का संचालन होता है वहाँ से लेकर दिल्ली गाजियाबाद तक अनगिनित थाने पड़ते है । क्यों बेरोकटोक बसें चलती है।क्यों प्रशासन ने आँखों पर पट्टियां बांध रखी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया गया है कि सब सेटिंग से बसे संचालित की जा रही है।यदि प्रशासन चाहें तो पहिया नही हिल सकता है किसी डग्गामार बस का यह सब चढ़ावे का कमाल नज़र आ रहा है।जहाँ से बस गुजरती है वहाँ चढ़ावा चढ़ाया जाता है तभी इनका धंधा फल फूल रहा है।बात की जाए यदि बाइक पर चलने वालों की तो तीन सवारी बैठने पर पता नही कितना बड़ा गुनाह कर दिया उस बाइक सवार ने वह बाइक सवार चेकिंग अभियान के दौरान यदि कही इमरजेंसी में तीन सवारी बैठाकर ले जाता हुआ देखता है।

पुलिस उसका तत्काल प्रभाव से चालान काट देती और वह बाइक सवार पुलिस के सामने गिड़गिड़ाने लगता है कि बाबू जी में तो गांव से शहर में सब्जी लेने आया था लेकिन उस गरीब आदमी की कौन सुनता है किया सभी कानून उस गरीब बाइक सवार को ही बने है आखिर क्यों कानून तो सबके लिए बराबर होना चाहिए चाहे वह गरीब हो अथवा अमीर ही क्यों न हो दिल्ली से लेकर तमाम गांव के सड़क मार्गों पर चलने वाली डग्गामार बसें चलती है इन ओवरलोड बसों का चालान क्यों नही काटा जाता है। किया इनको प्रशासन ने खुली छूट दे रखी कानून की धज्जियां उड़ाने की।

शुक्रवार शाम को शिकारपुर में जहाँगीराबाद चुंगी चौराहे पर ओवरलोड डग्गामार बस का फोटो कैमरा में कैद किया गया। उसके बाद सीओ शिकारपुर शोभित कुमार से इस संबंधित वार्ता की गई तो उन्होंने कहा है कि जल्द ही इस तरह की बसों पर कार्यवाही की जाएगी।

गुंडा एक्ट की कार्यवाही में दो आरोपियों को किया जिला बदर

इनायतनगर के शाहगंज निवासी हैं दोनों आरोपी

मिल्कीपुर/अयोध्या : जनपद के थाना इनायतनगर के शाहगंज चौकी अंतर्गत मुकीमपुर पहाड़पुर निवासी मोहम्मद इदरीश पुत्र मो शमी व एक अन्य को उत्तर प्रदेश गुंडा निवारण अधिनियम के अंतर्गत अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अयोध्या के न्यायालय ने 28 मार्च को जिला बदर की कार्यवाही किया है। बृहस्पतिवार को अपर जिला मजिस्ट्रेट अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने दोनों अभियुक्तों को उनके आपराधिक इतिहास, मार-पीट, जमीन कब्जाने, समाज मे भय पैदा करने व आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता होने के कारण एक माह के लिए जिला बदर करने का आदेश दिया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में कहा कि इन लोगो का आपराधिक इतिहास है एवं सभ्य समाज के लिए खतरा है अतः इन लोगो पर नियंत्रण हेतु जिला बदर की कार्यवाही नितांत आवश्यक है।

कसौधन समाज द्वारा स्वजातीय होली मिलन समारोह का आयोजन

तेजयुग न्यूज

उतरौला (बलरामपुर)/आलोक गुप्ता : स्थानीय कसौधन समाज द्वारा स्वजातीय होली मिलन समारोह का आयोजन रेडियंट पब्लिक स्कूल उतरौला के प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमें सर्व प्रथम भगवान श्री गणेश जी वदंना कर आरती किया गया। साथ ही साथ महर्षि कश्यप के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

कसौधन समाज के होली मिलन समारोह में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। होली मिलन समारोह में आयोजक जिला अध्यक्ष सभासद सन्तोष कसौधन ने सभी स्वजातीय बंधुओं को मंच पर सम्मानित किया। जिला संरक्षक लक्ष्मी रतन कसौधन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

होली मिलन में कसौधन समाज के उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व फूलों की होली खेलकर आपस में गले मिलकर बधाई दी। देर रात तक भजन संध्या कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं ने भक्ति रस में सराबोर रहे। इस मौके पर कसौधन समाज के नगर अध्यक्ष भरत कसौधन, कमल किशोर एडवोकेट, विनय कुमार कसौधन, लक्ष्मी रतन एडवोकेट,आशीष कसौधन,पवन कुमार, शिवकुमार कसौधन, सभासद नीरज, विकास सभासद अम्बरीष कुमार, कमल कसौधन, सहित सैकड़ों महिलाएं बच्चे उपस्थित रहे।

कांग्रेस जिला व महानगर कमेटी का हुआ गठन

तेजयुग न्यूज

अयोध्या : प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी की जिला और महानगर अध्यक्षों ने अपने कमेटी की पदाधिकारीयो की घोषणा किया है।जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया की जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिला कांग्रेस कमेटी में छह उपाध्यक्ष 6 महासचिव तथा 16 सचिवों की नियुक्ति किया है वही महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने महानगर कमेटी के अंतर्गत 10 उपाध्यक्ष 10 महासचिव तथा 20 सचिव की नियुक्ति किया है।

जिला प्रवक्ता ने बताया की जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत अब्दुल हकीम को कोषअध्यक्ष नियुक्त किया है। वही मनोज

जायसवाल, राजकुमार पांडे, प्रदीप निषाद, सत्रोहन करी, अनिल सिंह तथा उमेश उपाध्याय को उपाध्यक्ष बनाया गया तथा विजय पांडे, अजीत वर्मा, रामसनेही निषाद ,अनिल तिवारी ,बृजेश रावत ,रुद्र प्रताप सिंह की नियुक्ति महासचिव के रूप में की गई। लाल मोहम्मद ,अमरीश कुशवाहा ,भोला यादव, पंकज सिंह, हृदय नारायण निषाद ,शेषनाथ यादव ,सूर्यनारायण, श्रीमती उषा कोरी ,श्रीमती कलावती, श्रीमती नीलम गौतम ,राम केवल निषाद, मनीष सिंह, शिव यादव, राजेंद्र प्रसाद, पीयूष भट्ट तथा शैलेंद्र विक्रम सिंह को जिला सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

महानगर कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत डी एन वर्मा, फ्लावर नकवी, कविंद्र साहनी ,धर्मवीर दुबे, जय मंगलदास, शालिनी पांडे, मनीष सिंह, करण त्रिपाठी ,जनार्दन मिश्रा तथा चंचल सोनकर महानगर उपाध्यक्ष बनाए गए। अंकित जैन, जिओ हैदर, पंकज जयसवाल, रिशु यादव, पंकज सिंह, संजय पांडे, हनुमान मिश्रा, रामनाथ शर्मा, मोहम्मद आरिफ, अवधेश तिवारी को महासचिव का पदभार दिया गया। रामेंद्र मोहन मिश्रा, दयावती, शेरा रामानंद शर्मा, ताज मोहम्मद, अशोक राय, अरुण साहू, अभ्युदय सिंह, सैयद अहमद राजा, आकाश सिंह राणा, मंसूर खान, प्रेम पांडे, बशीर, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र विक्रम सिंह, अंकुर गुप्ता, गुड्डू, सरयू प्रसाद वर्मा तथा राजेश कुमार चतुर्वेदी को सचिव बनाया गया।

संक्षिप्त समाचार

त्योहारों प्रतियोगी परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 23 मई तक धारा 144 लगाई गई

अयोध्या : आगामी अवधि में ईस्टर सैटरडे, ईस्टरमन्डे, जमात-उल-विदा (अलविदा) रमजान का अन्तिम शुक्रवार/महर्षि महाराजा निषाद राजगुह्म जयन्ती, चेटी चन्द, ईद-उल फितर, डा. भीमराव अम्बेडकर का जन्म दिवस, चन्द्र शेखर जयंती, राम नवमी, महावीर जयन्ती, लोक नायक महाराणा प्रताप जयन्ती, परशुराम जयन्ती, बुद्ध पूर्णिमा आदि विभिन्न त्योहारों/जन्म दिवस के साथ ही विभिन्न सेवा आयोगों की प्रतियोगी/शैक्षाणिक परीक्षाएं आदि आयोजित होना सम्भावित हैं। जिन्हें सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन की योषणा के फलस्वरूप जनपद में प्रभावी आदर्श आचार संहिता के सुसंगत उपबन्ध का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने तथा लोक, शान्ति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था एवं जन सुरक्षा वनाये रखना के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 में विहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोक/शान्ति/कानून व्यवस्था/जन सुरक्षा एवं जनजीवन को सामान्य बनाये रखने की दृष्टि से जनपद की सम्पूर्ण सीमा में इसके अन्तर्गत पड़ने वाले समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु निषेधाज्ञाएं लगाने का आदेश जारी किया है, यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे और यदि बीच में वापस न लिया गया तो 23 मई तक प्रभावी रहेंगे। तदानुसार सम्बंधित क्षेत्र के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में जिला शिकायत समिति का हुआ गठन

अयोध्या : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सामान्य लोकसभा निर्वाचन हेतु जिला शिकायत समिति का गठन किया जा चुका है। जिलनिर्वाचन/जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज अध्यक्ष होंगे, इनके साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह संयोजक सदस्य व मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह सदस्य नामित की गयी है। उन्होंने बताया कि उक्त समिति पुलिस या एसएसटी या एफएसटी द्वारा की गयी जब्ती के प्रत्येक मामले की स्वतः जांच करेगी और जहां समिति यह पाती है कि जब्ती के लिए कोई एफआईआर/शिकायत दर्ज नहीं की गयी है या जहां पर जब्ती किसी अभ्यर्थी या राजनैतिक दल या निर्वाचन अभियान आदि से सम्बद्ध नही है। एसओपी दिनांक 29 मई 2015 के अनुसार समिति इस निमित्त सकारण आदेश पारित करने के बाद ऐसी नकदी आदि को उस व्यक्ति को अवमुक्त किये जाने के लिए तत्काल कदम उठायेगी जिससे यह नकदी जब्त की गयी है। यदि जब्ती की धनराशि 10 लाख रुपये से अधिक है तो धनराशि अवमुक्त करने से पूर्व आयकर विभाग के नोडल अधिकारी को भी सूचित किया जायेगा। आम जनता की सुविधा हेतु जिला शिकायत समिति की बैठक प्रत्येक दिन सायं 4 बजे मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या के कार्यालय कक्ष में आयोजित की जायेगी। समिति के संयोजक अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अयोध्या के मो0नं0 9454417612 पर भी जब्ती से सम्बंधित शिकायत दर्ज की जा सकेगी। उक्त जानकारी मुख्य कोषाधिकारी/नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ ममता सिंह ने दिया है।

कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुई रमजान के तीसरे जुमे की नमाज, प्रशासन को राहत

अयोध्या : कड़ी सुरक्षा के बीच रमजान के तीसरे जुमे की नमाज संपन्न हुई नमाज के दौरान सी ओ सिटी शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मिश्रित इलाकों में पुलिस गस्त करती रही। जुमे की नमाज के दौरान माफिया मुख्तार अंसारी की मौत पर टाट मस्जिद के मौलाना अब्दुल मजीद ने मफरित की दुआ अदा किया। मौलाना ने कहा जो इस दुनिया से जाते हैं उनके लिए हम मफरित की दुआ करते हैं। उनके जिंदगी में किये गये गुनाहों को अल्लाह के सुपुर्द करते हैं। अल्लाह उसके बारे में बेहतर फैसला करता है। जो जैसा कर्म करता है उसे उसी तरह की सजा मिलती है। उनके जो अच्छे कर्म है उन्हें अच्छे जजा मिलती है, जिनके बुरे कर्म होते हैं उन्हें बुरे जजा मिलती है उन्हें बुरा बदला मिलेगा,, जो दुनिया से गया वह गया, उनके लिए हम मफरित की दुआ करते हैं, अल्लाह उसके गुनाहों को माफ करें, जुम्मे की नमाज के दौरान मुल्क के अमन की दुआ मांगी गई और लोगों से अपील की गई अमन के साथ भाईचारे के साथ रहे, मुल्क में लोग एक दूसरे की मदद करें, नफरत नहीं बल्कि मोहब्बत का पैगाम फैलाएं, यही इस्लाम का पैगाम है, जनपद में शांतिपूर्ण संपन्न हुई जुम्मे की नमाज, शहर में सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में मिश्रित इलाको में पुलिस भ्रमणशील रही।

बालिका से दुराचार का अभियुक्त दोषी करार

अयोध्या : 13 वर्षीय बालिका से दुराचार करने के मामले में अभियुक्त धर्मेंद्र को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट द्वितीय नूरी अंसार की अदालत से शुक्रवार को दोषी करार दिया गया। सह अभियुक्त सूरज को सबूत के अभाव में दोष मुक्त कर दिया गया। सजा के बिंदु पर शनिवार को सुनवाई होगी। अभियोजन के मुताबिक थाना हैदरगंज क्षेत्र के एक गांव की निवासी बालिका को 28 अप्रैल वर्ष 2018 को अंबेडकर नगर के थाना अहिरौली के चाचीपुर गांव निवासी धर्मेंद्र ले गया था। अपहृता के भाई की तहरीर पर थाना हैदरगंज में पाक्सो एक्ट की धाराओं में धर्मेंद्र व एक अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। अपहृता के बयान पर सूरज का नाम प्रकाश में आया। विवेचना के बाद अभियुक्त धर्मेंद्र व सूरज के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में भेजा गया। अदालत ने अभियुक्त सूरज के विरुद्ध कोई सबूत न पाते हुए सभी आरोपों से दोष मुक्त कर दिया। वहीं धर्मेंद्र को दुराचार की धारा में दोषी करार देते हुए कड़ी सुरक्षा में जेल भेज दिया।

खुले जानवरों का आतंक, सांड के हमले में बच्चे की मौत

तेजयुग न्यूज/पंकज मिश्रा

महराजगंज तराई (बलरामपुर) : तुलसीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लाल नगर सिपहिया निवासी बकरीदी ने बताया कि उनका लड़का मोहर्रम अली उम्र 10 वर्ष घर के बाहर खेल रहा था। तभी अचानक सांड ने हमला कर दिया सांड के हमले में मोहर्रम अली की मौके पर ही मौत हो गई। क्षेत्र में छुटा जानवरों की भरमार है जगह-जगह चौराहे गांव में झुंड में निकलते



हैं। जिससे ग्रामीणों में दहशत बना रहता है।थाना प्रभारी निरीक्षक तुलसीपुर अशोक सिंह ने बताया है कि घटना की सूचना नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी।

रमजान माह के तीसरे जुमे पर देश में अमन चैन की दुआ

सुरक्षा को लेकर मस्जिदों के बाहर तैनात रहा पुलिस फोर्स, बड़े लोगों के साथ छोटे बच्चों ने भी रोजा रखा

▶▶ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में अदा की नमाज

नपा ने सफाई कराकर मस्जिदों के निकट कलई का छिड़काव कराया

तेजयुग न्यूज

बुलंदशहर/(विकास त्यागी) : शिकारपुर स्याना जहांगीराबाद बुलंदशहर में रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज जिले भर की सभी मस्जिदों में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। छोटे-छोटे बच्चों ने भी खुशी-खुशी रोजा रखा। माह.ए मुकद्दस रमजान में इबादत का सिलसिला जारी है। मोमिन रोजा रखकर इबादत कर रहे हैं। शुक्रवार को सुबह से ही जुम्मे की नमाज के लिए मस्जिदों में साफ-सफाई की गई थी धूप में गर्मी से बचने के लिए मस्जिदों में शामियाने लगाए गए थे। चटाई बिछाई गई थी। रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज जिले की सभी मस्जिदों में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। मस्जिदों व घरों खुदा की इबादत हुई । जुम्मे को लेकर लोगों में उत्साह देखा और नमाज के लिए नमाजियों की मस्जिदों में भीड़ देखी गई। लोगों

ने अल्लाह की बारगाह मैं सजदे कर हाथ फैला कर देश की खुशहाली व खैर की दुआएं मांगी। मस्जिदों में लोगों को रमजान माह के बारे में बताया गया। वही नगर पालिका द्वारा मुस्लिम बोल क्षेत्र में विशेष रूप से सफाई कराकर मस्जिदों के निकट कलई का छिड़काव कराया गया। इस मौके पर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए।

रमजान माह के तीसरे जुम्मे को लेकर मस्जिदों में सुबह से ही तैयारियां शुरू हो गई थी। मस्जिदों में साफ सफाई हुई। बड़े लोगों के साथ-साथ बच्चों भी रमजान का रोजा रखा। फज्र की नमाज़ में लोगों को तालीम कर रमजान माह का महत्व बताया गया। दोपहर 12ः00 बजे से मस्जिदों नमाजियों की भीड़ पहुंचने शुरू हो गई थी । लोगों को मस्जिदों में दीन की बातें सुनाई गई। घरों और मस्जिदों में भी कुरान ए करीम की तिलावत हुई। नगर की जामा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। कड़ाके की धूप के बीच भी लोगों ने.बारगाहे. खुदा में दिल खोलकर सजदा कर नमाज अदा करते हुए दुआ मांगी। इमाम कारी मौलाना अकील अहमद ने अकीदतमदो से कहा कि अल्लाह ने इंसानों को दुनिया में सबसे बेहतर बना कर भेजा है। इंसान का कार्य दूसरों की भलाई करना है।

बिना किसी जाति धर्म के भेदभाव के किए बगैर एक दूसरे के सुख दुख का साथी बनना चाहिए। रमजान हमें आपस में मोहब्बत और भाईचारा सिखाता है। जुम्मे के उपलक्ष में कई छोटे हुए बच्चों ने रोजा रखा। रहमतों बरकतों का पवित्र जुम्मा इबादत में गुजरा। मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिएअकीदतमद रोजेदारों में खासा उत्साह नजर आया। जुम्मे की नमाज को लेकर पुलिस विभाग भी पूरी तरह अलर्ट नजर आया। मस्जिदों के बाहर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कर्मियों को तैनात किया था। वही नगर पालिका द्वारा मस्जिदों के आसपास बाहर सुबह साफ सफाई व चूने की व्यवस्था कराई गई।

डिबाई पुलिस ने चुनावों से पहले लगभग 20 लाख की अवैध शराब के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

तेजयुग न्यूज/विकास त्यागी

बुलंदशहर : .. डिबाई क्षेत्र के अनूपशहर तिराहे के नजदीक 20 लाख रुपए की अग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। लोकसभा चुनावों के नजदीक आते आते शराब माफिया भी सक्रिय हो गए है। डिबाई पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक टाटा कैन्टर गाड़ी जिसमें अबैध शराब तस्करी को लाई जा रही है।

पुलिस ने देरी न करते हुए मुखबिर द्वारा बताए गए डिबाई क्षेत्र के अनूपशहर तिराहे पर जाल बिछाकर टाटा कैन्टर गाड़ी को रोककर जब तलाशी ली तो गाड़ी के अन्दर बड़ी मात्रा में अवैध शराब की पेटी गोवा मार्का जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रुपए बताई जा रही है।पकड़ा गया आरोपी शाकिर निवासी गांव खरदौनी थाना इंचौली जिला मेरठ का बताया जा है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए चालान किया है।

1392 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

तेजयुग न्यूज

बुलंदशहर/राजेन्द्र सिंह : थाना स्याना पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर एक अभियुक्त को पशु पैठ के पास एक खंडहर से 1392 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब, सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना स्याना पर मुअसं- 134/24 धारा 60/63 आबकारी अधि. पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त राशिद पुत्र स्व मूदे निवासी ग्राम खरदौनी थाना इंचौली जनपद मेरठ का बताया जा रहा है। और 1392 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब व 22 बोरे बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि बरामद शराब को वह अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर हरियाणा से लाये थे जिसे आगामी लोकसभा चुनाव में ऊंचे दामों में बेचने के लिए एकत्रित किया जा रहा था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शैलेन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना स्याना व उ.नि. छैलबिहारी शर्मा उ.नि.दिलीप कुमार, उ.नि. सुखपाल सिंह, उ.नि. मोहित कुमार, उ.नि. विपिन कुमार है। का. देवेन्द्र कुमार, है, का. नीरज कुमार, का. रुपसिंह शामिल रहे।

मुख्तार ने कराया नत्थू के शव को पोस्टमार्टम का इंतजार, परिजन रहे बेहाल

मिल्कीपुर/अयोध्या : जनपद के थाना इनायतनगर के शाहगंज चौकी अंतर्गत मुकीमपुर पहाड़पुर निवासी मोहम्मद इदरीश पुत्र मो शमी व एक अन्य को उत्तर प्रदेश गुंडा निवारण अधिनियम के अंतर्गत अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अयोध्या के न्यायालय ने 28 मार्च को जिला बदर की कार्यवाही किया है। बृहस्पतिवार को अपर जिला मजिस्ट्रेट अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने दोनों अभियुक्तों को उनके आपराधिक इतिहास, मार-पीट, जमीन कब्जाने, समाज मे भय पैदा करने व आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता होने के कारण एक माह के लिए जिला बदर करने का आदेश दिया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में कहा कि इन लोगो का आपराधिक इतिहास है एवं सभ्य समाज के लिए खतरा है अतः इन लोगो पर नियंत्रण हेतु जिला बदर की कार्यवाही नितांत आवश्यक है।

सरयू नदी में तैनात की जाएंगी छह फाइबर मोटर बोट

तेजयुग न्यूज

अयोध्या। श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनके जन्मभूमि मंदिर में अब राम नवमी को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जमीन से लेकर नभ और जल में भी सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। इसके लिए सरयू नदी में अब और छह फाइबर मोटर बोट चलाने का निर्णय लिया गया है।

चैत्र शुक्ल नवमी (राम नवमी) पर मोक्ष की कामना को लेकर अयोध्या में दर्शन पूजन व सरयू स्नान के लिए देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु आने वाले हैं। इस बार श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद यह पहली राम नवमी है। ऐसे मे अयोध्या मे अपार भीड़ जुटने की संभावना है। साथ ही सरयू में भी बड़ी संख्या में लोग स्नान करके पुण्य के भागीदार बनेंगे। वहीं इस दौरान कोई भी अप्रिय घटना न घटे इसके लिए नदी में फाइबर मोटर बोट की

संख्या बढ़ाई गई है।

जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप मौर्या ने बताया कि फाइबर की बोट मे 40 हॉर्स पावर का मोटर लगाया गया है। इसे स्टीयरिंग के सहारे घुमाया जा सकता है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। लोगों को यह सुझाव भी दिया जाता है कि नदी मे स्नान के दौरान सतर्क रहें, साथ ही हिदायतों का पालन करें। प्रशासन ने नदी में बैरिकेडिंग भी करवाई है, जिसे कोई भी पार नहीं कर सकेगा।

मोटर बोट चलाने वाले कांस्टेबल नित्यानंद ने भी बताया कि इसकी स्पीड काफी अच्छी है, जिससे हमें किसी भी अप्रिय घटना के घटित होने पर तत्काल रिस्पॉन्स देने में मदद मिलती है। यह बोट 6 सीटर है।